भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3182

दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में मेडिकल कॉलेज

3182. श्री अभिमन्यु सेठी:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास ओडिशा के भद्रक जिले में क्षेत्र की आबादी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार के लिए एक पूरी तरह सुसज्जित ट्रॉमा केयर सेंटर के साथ एक मेडिकल कॉलेज और एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने भद्रक जिले में वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे की कमियों का आकलन किया है, और इस तरह के संस्थान इस वंचित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए संभावित लाभ ला सकते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल यदि अनुमोदित हो, के लिए समय-सीमा, वित्तपोषण प्रावधान और विशिष्ट सुविधाएं क्या हैं;

(घ) क्या सरकार इस क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए विशेष चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए उपाय भी शामिल कर सकती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है, को वरीयता देते हुए मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) प्रशासित करता है।

केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण पद्धति पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, ओडिशा में 07 मेडिकल कॉलेजों (बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलनगीर, कोरापुट, पुरी, चरण- I में, जाजपुर चरण- II में और कालाहांडी चरण- III में) को मंजूरी दी गई है। सभी मेडिकल कॉलेज कार्यशील हैं।

इसके अलावा, प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के घटक "सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों के निर्माण द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन" के तहत, ओडिशा में बरहामपुर, बुर्ला और सुंदरगढ़ में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कुल 03 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं, जिनमें से बरहामपुर और बुर्ला में परियोजनाएं पूरी हो गई हैं।

******